भूमिका

"शिखरवंशोत्पत्ति–पीढी वार्त्तिक" ग्रंथ सीकर का छंदोबद्ध इतिहास है। इसके रचयिता चारणवंश-भूषण चंडीवालगोत्र के कविया गोपाल थे। सीकर* का बड़ा ठिकाणा जयपुर राज्य का एक बहुमूल्य और अति-सम्मानित विभाग शेखावाटी प्रांत के अंतर्गत है। यह ठिकाणा जयपुर के कछवाहा-क्षत्रियों के शेखावत शाखा में, खेतडी की नांई, बहुत बड़ा माना जाता है, और इसके शासक सरदार सदा से राजभक्ति और वीरता आदि गुणों के लिये विख्यात रहे हैं। यह ग्रंथ संवत् १९२६ विक्रमी में निर्माण हुआ था।

---

* 'सीकर' का कस्बा जयपुर से ३६ कोस वायुकोण में है, और झुंझणूं से २४ कोस नैऋत में है। मर्दुमशुमारी के अनुसार रियासत जयपुर में यह अव्वल नंबर की आबादी के कस्बों में है। ठिकाणे की आमदनी १० लाख से अधिक है, आबादी पौने दो लाख के करीब है। इस ठिकाणे का इलाका 'सीकरवाटी' वा 'राव की धरती' कहाता है। इसमें फतहपुर, रामगढ़, लछमनगढ़ आदि कस्बे बहुत नामी हैं जहाँ के क़ायमखानी मुसलमान पहले के नवाब थे, और जिनके सेठ साहूकार भारतवर्ष में अति प्रख्यात मारवाड़ी सेठ हैं। अधिकतर मुल्क रेतीला है, पहाड़ हर्ष, रघुनाथगढ़ आदि हैं। अब 'शेखावाटी लाइन' पर सीकर का स्टेशन है। नगर सुहावना और आदमी मालदार और दीदारू हैं। रावराजा जी के भवन देखने योग्य हैं। जयपुर को सीकर से ४१२००) रु० कर दिया जाता है। इसका प्रांतीय संबंध निज़ामत शेखावाटी से है। ठिकाणे को कुछ अख़तियार भी हैं।

ग्रंथ-कर्ता सीकर के "उदयपुरा" अपरनाम "चोखा का बास" *ग्राम के वासी थे। यह गाँव सीकर से पाँच कोस दक्षिण की तरफ, 'हर्ष' के ऐतिहासिक पहाड़ से एक कोस और 'जँणिमाता' के स्थान से दो कोस है, तथा 'दाँता' का कसबा इससे दक्षिण की ओर, और 'खूड़' का कसबा पश्चिम की तरफ़ है। ये दोनों कसबे भी शेखावतों ही के ठिकाँणे हैं, और यह चारणकुल भी अधिकतर शेखावतों का शुभ-चिंतक है। कविया गोपाल के पिता का नाम 'खुमान' था, और दादा का नाम 'ज्ञान' था। ज्ञान के चार पुत्रों १ जाल्हदान, २ खुमान, ३ रामनाथ, ४ शिवनाथ-में से 'खुमान' दूसरा था। "कृष्ण विलास" (खंडेले के इतिहास) में कवि ने अपनी वंशावली इस प्रकार दी है

"कविजन कवियो दिव्यकुल चारण चंडीवाल।
अलू भक्त के वंश में कहत नाम गोपाल ॥ १ ॥
अलू १ नंद नरपाल २ भय, नरू नंद मघवान ३।
मेघराज के सुत भये गिरधर ४ नाम सुजान ॥ २ ॥
गिरधर सुत माहू ५ भये, माहू सुत हरिराम ६।
पुत्र भये हरिराम के विजयराम ७ गुण धाम ॥ ३ ॥

* उदैपुरा पहिले चोखा का बास कहाता था इसे एक चोखाजाट ने आबाद किया था। बोद विभाग पास ही है और उदैपुरा—खंडेले के राजा उदयसिंह जी के नाम पर हैं जो बीजराज चारण (पीढी सातवी छंद ३) को राजा उदयसिंह जी खंडेलेवालों ने दिया था 'जो सवाई जयसिंह जी के समय में हुए थे'। ४०० की आबादी, अधिक वैश्य हैं। ग्रंथ में भी "चारण दोय चोखर का बासा कर बताया। हिंदू महादान खेत खाट्ट कामि आया"। (छंद १००७)।

विजयराम के पुत्र फिर दौलतराम ८ वखान ।
सुत भये दौलतराम के ताको नाम जु ग्यान ९ ॥ ४ ॥
पुत्र भये फिर ज्ञान के जाल्हदान १०।१, खुमान १०।२ ।
रामनाथ १०।३, स्योनाथ १०।४, ये चार बंधु सम जान ॥५॥
हम मे पुत्र खुमान के नाम गुपाल ११ कहाय ।
बरन्यूं ग्रंथ नवीन यह नृप की आज्ञा पाय" ॥ ६ ॥

यह "आल्हू" जी परम भगवद्भक्त चारण हुए है। चारणों में अनेक भक्त हुए हैं, जिनमें १४–१५ भक्त तो परम विख्यात है । यथा

"ईश, अलू, करमाणँद, आणंद, सूरदास पुनि संता ।
माँडण, जीवा, केसव, माधव, नरहरदास अनंता" ॥

(परसराम चारणकृत 'भगतमाला')

इसमें के भक्तवर चारण 'ईश्वरदास जी' की कथा चारणों ही में नहीं मारवाड़, कच्छ और गुजरात में अति प्रसिद्ध है । ईश्वरदास जी महाकवि भी हुए है। इनके रचे 'हरिरस', 'देवी देवायण', 'हालांझालाँ का कुंडलिया' आदि दस ग्रथ और हजारों गीत बताते है। इस ही प्रकार आल्हू जी भी महाकवि हुए हैं। इनके रचे नीति और धर्म के गीत और छंद बड़े मारके के हैं। बारहट भक्त शिरोमणि 'नरहरिदास जी' का "अवतार चरित" ग्रंथ चारण-साहित्य का एक अत्युज्वल रत्न है, और साहित्य गुण के नाते भाषा की प्रशस्त रचनाओं में गण्यमान है। इस ही प्रकार अन्य चारण-भक्तों की रचनाएँ और वाणियाँ कही जाती हैं ।

उपरोक्त अलू जी (वा आल्हू जी) से ग्रंथकर्त्ता कविया गोपाल तक ग्यारह पीढ़ियाँ होती हैं। वे यों हैं (१) अलू भक्त, (२) नरपाल,

वा नरू, (३) मेघराज, (४) गिरधर, (५) माहू, (६) हरिराज, (७) विजैराज (वा वीजराज), (८) दौलतराम, (९) ज्ञान, (१०) खुमान, (११) कविया गोपाल (ग्रंथकर्त्ता)। खुमान के तीन भाई जालदान, रामनाथ और शिवनाथ थे, जैसा कि ऊपर कहा गया है।

चारणों को चंडीवाल भी कहते हैं। "चंडीवाळ" कविया चारणों के वंशज उदैपुरया आदि में रहते हैं। ये शेखावतों की दी हुई जीविका खाते हैं। वीजराज (वा विजैराज) वोह है जिसको खंडेले के उदयसिंह जी ने यह उदैपुरया गाँव दिया था। फिर यह गाँव सीकर के नीचे आ गया, तब से सीकर के इलाके में हैं।

अपने गाँव का निर्देश कविया गोपाल ने स्वरचित "लावारासा" के अंत में इस प्रकार किया है

"दांतोपुर दक्खिन दिसा सीकर उत्तर कोन।
कूहर पच्छिम जानिये पूर्व जीण को भोन ॥१॥*
ताके मध्य उदैपुरो वसत सुकविको ग्राम।
उन्नत पर्वत हर्ष† को तहँ भैरव को धाम ॥२॥

* दाँता, खूड आदि सीकर के इलाके के करीब और खानदान के नजदीकी शेखावतों के ठिकाने हैं। खाटू की लड़ाई में ये लोग शामिल थे, यथा = "दाँति खूड वखतावर अमानीसिंह आया। दोनूं वीर जम की जमातों सी लड़ाया"। (शिखर व० देवीसिंह प्रसंग, छंद ९८३)।

† हर्ष 'हर्षनाथ' भैरव जिस पहाड़ी के पास है वह भी हर्ष का ही डूँगर कहाती है और सीकर से ३॥ कोस दक्षिण ओर पूर्व को झुकती है। यह मंदिर कोई ९०० वर्ष पुराना है। पहाड़ी की ऊँचाई समुद्र की सतह से ३ हजार फुट है।

कविजन कवियो दिव्य कुल चारन चंडीवाल ।

अलू भक्त के वंश में अह मम नाम गुपाल ॥२॥

कविया गोपाल के रचे ये ग्रंथ जाने गए हैं (१) शिखरवंशोत्पत्ति पीढीवार्त्तिक । (२) लावारासा (अथवा "कूरमदेश प्रकाश म्लेच्छ विध्वंस कलहकेलिवर्णन)" । (३) कृष्णविलास और बहुत से डिंगल के गीत और पिंगल के छंद कवित्त आदि भी इनके रचे हैं जो कहीं कहीं इनके वंशजों और अन्यत्र ठिकाणों में वा चारणों के यहाँ हैं । पिंगल रचना का नमूना तो इसी ग्रंथ के अंत में है ।

ग्रंथकर्त्ता का जन्म संवत् मिती ज्ञात नहीं हो सकी है । परंतु मरण काल, उनके वंशजों से इस प्रकार, ज्ञात हुआ है कि कविया गोपाल भाद्रपद 'वदि चतुर्थी' संवत् १९४२ में १५ दिन बीमार रहकर अपने गाँव उदेपुरया में '७० वर्ष के होकर' परलोकवासी हुए थे । * इससे जन्म संवत् १८७२ अनुमान होता है ।

पहाड़ी पर बहुत सी पत्थर की पुरानी मूर्त्तियाँ मिलती हैं । पूर्व काल में गौड़ों आदि का इधर राज्य रहा है । कोई कोई यहाँ किला होना भी कहते हैं ।

* स्वर्गवासी कविया के संबंधी और संतति कविया गोपाल की माता 'जांगावत' खांप के चारणों की बेटी थी । कविया की स्त्री 'सानू' गोत के चारणों की बेटी थी । और विशेष बात जानने योग्य यह है कि कविया के भोजे पालखत बारैठ बालावक्ष जी इसूतिया वाले हैं जो इस "बालावक्ष-राजपूत-चारण-पुस्तक-माला" के संस्थापक हैं । कविया गोपाल का एक पुत्र रामधन तो किशनपुरा इलाका जोधपुर में पालावतों के ब्याहा था । दूसरा पुत्र लालजी नूनङ इलाका जोधपुर के चैलजी रतनू चारण की पुत्री को ब्याहा था । कविया की एक पुत्री छत्तूबाई भैरजी खिड़िया गोत के चारण, गाँव खड़वाड़ा इ० जोधपुर के वासी, से ब्याही थी और दूसरी लड़की पारू

शिखरवंशोत्पत्ति के अंत में (अर्थात् प्रशंसा के आलंकारिक भाषा छंदों के अंत में) इस ग्रंथ का रचना काल विक्रमी संवत् १९२६, मिती चैत वदी ७ रविवार लिखा है, यथा

"उन्नीसै छब्बीस कै कृष्ण पष्प मधुमास ।
भानवार की सप्तमी प्राची भानप्रकास ॥ १ ॥ ४६ ॥
सिखरोत्पत्ति पीढी सवै दानवीर सुत जाँनि ।
कविचारण गोपाल कृत पूरन ग्रंथ प्रमाँनि" ॥ २ ॥ ४७ ॥

और इस ग्रंथ की रचना का कारण ग्रंथ समाप्ति में यह लिखा है

"पालट साव भादर स्हैर सीकर फेरि आया ।
पीढ्यां का प्रवांडा ग्रंथ भाषा का मंगाया ॥ १ ॥
बोल्यों साब भादर येक फेरख्यो भी बणावो ।
पीढ्यां का प्रवांडां वारताई सी सुणावो ॥ २ ॥
चारण जाति कविया कूम गोपा ने कहाई ।
वेगा ग्रंथ पीढनां का बणावो वारताई ॥ ३ ॥
बादू पाटिआंका दोय मोरासा मिलाया ।
छंदो भंग छंदां का प्रवंधां रीति गाया ॥ ४ ॥
सेषां वंस पीढ्यां का प्रवाडां को बणायो ।
माधोसिंह जी ने मुकनसिंह ने सुणायो" ॥५॥

यह ग्रंथ उक्त संवत् में पूर्ण हुआ जिसको आज (सं० १९८५ वि०

वाई भोपजी खिड़िया चारण ढांणी कृपाराम वाली इशाका सीकरवाले के साथ ब्याही थी। अब गोपाल जी के वंशजों में उदैपुरा में उनका पौत्र दुर्गादान है और दुर्गादान के दो पुत्र किशोरदान और रामुदान हैं।

में) ६० वर्ष हो गए । जयपुर के सुप्रसिद्ध लोकवत्सल महाराजाधिराज श्रीसवाई रामसिंह जी ने सीकर के रावराजा श्रीमाधवसिंह जी बहादुर की मातमी की रस्म संवत् १९२६ में की थी । उसके हो चुकने के उपरांत रावराजा जी सीकर को आ गए । फिर करनल पाउलट साहिब दौरा करते हुए सीकर भी आये तब सीकर के इतिहास की जानकारी के लिये कई किताबें सुनीं, तब ही सरल भाषा गद्य में एक पुस्तक रचने की आज्ञा दी । इसकी रचना के लिये यह कविया गोपाल नियत हुए । इन्होंने अनेक अन्य ग्रंथों, गीतों, रूपकों, आख्यायिकाओं, ख्यातों वा सीकर के वकाया आदि से इस ग्रंथ की शीघ्रतापूर्वक रचना की और उस ही संवत् १९२६ में इसको समाप्त भी करके रा० रा० माधोसिंह जी और उनके मुसाहिब खवासीणे मुकंदसिंह जी को सुनाया । फिर इसकी एक नकल कराके पाउलट साहिब के पास भेजी गई ।

कविया गोपालदान २४–२५ साल से सीकर में रहने लगे थे और सीकर में राजकीय पुरुषों से अपनी काव्य शक्ति और इतिहासज्ञता का खासा परिचय दे चुके थे । यही कारण है कि इस अनुपम ग्रंथ की रचना के लिये यही चुने गए थे । पाउलट साहिब का अभिप्राय सरल गद्य में ग्रंथ बनजाने का था । तो यह ग्रंथ वार्त्तिक ही छंद में रचा गया है और भाषा अत्यंत सरल है । छंद के संबंध में स्वयम् ग्रंथकर्त्ता ने लिखा है कि

"वाढूघाटि आंकां दोय मोरा सा मिलाया ।
छंदोभंग छंदां का अबंधा रीति गाया ॥"

अर्थात् इसकी रचना यथार्थ छंदों के नियम से नहीं हुई है, अपितु न्यूनाधिक अक्षरों से तुकबंदी करके 'बारताई' (वार्त्तिक वा वार्त्ता) में

बनाई गई है। छंद श्रवण होते समय वह वार्त्तिक अपभ्रंश छंद यथार्थ ही छंद प्रतीत होता है। परंतु सर्वत्र विशेष छंद के लक्षण से घटित है ऐसा प्रमाणित नहीं होता है। "वादू घाटि" से तात्पर्य न्यूनाधिक वर्ण वा मात्रा है। और "मोरासा" से मोहरा, मेल वा तुक सदृश शब्द से अभिप्राय है। और "छंदोभंग" से मतलब डिंगल वा पिंगल के यथार्थ नामांकित किसी छंद के अनुसार नियम का न रहना वा छंद की त्रुटि है। "छंदां का प्रबंधा रीति" से छंद शुद्ध न होने पर भी छंदों का सा ढंग, लय वा ध्वनि प्रतीति करनेवाली रचना में ग्रंथ बनाया गया। "गाथा" अर्थात् चारणों के काव्यों के ढंग पर गीत रूप में वर्णित हुआ। यह अभिप्राय है।

कवि मंछ कृत "रघुनाथ-रूपक" में "वयणसगाई" के प्रसंग में "मोहरामेल" को भी तीन प्रकार का कहा है, जैसे "वयणसगाई" और "अखरोट" को तीन प्रकार का बताया है। यथा

"वर्ण-मित्र दाखैं त्रिविध, त्रिय अपरोट जिलंत।
भणैं मंछ तिणभात सूं मोहरा त्रिविध मिलंत॥"

ये तीन प्रकार के "मोहरा" (अनुप्रास, तुक और यमक) ये हैं १ अधिक मोहरा, २ सम मोहरा और ३ न्यून मोहरा। परंतु इस ग्रंथ में तुकांत वा न्यून मोहरा से ही प्रयोजन है। न तो इसमें "वयण-सगाई" का निर्वाह हो सका है, न "अखरोट" ही आता रहा है, केवल दो पदों में तुक वा न्यून मोहरा, मिला देना पड़ा है। प्रत्येक छंद (वा विकृत छंद) में दो पाद ही दिखाई दे रहे हैं जिनके तुकांत सर्वत्र पाए जाते हैं। इस वार्त्ता छंद वा गीत का लक्षण तो निकल सका है, परंतु नाम इसका खोज

ने पर भी प्राप्त नहीं हुआ। "रघुनाथ रूपक" के ७२ डिंगल छंदों में से, वा "रूपदीप पिंगल" की ५२ चालों में से, कोई भी छंद इससे टक्कर नहीं खाता है। "छंदः प्रभाकरादि", "प्राकृत पिंगल सूत्र" और "रण-पिंगल" तक में कोई छंद मिलता हुआ नहीं मिल सका है। संभव है कि कोई नाम अवश्य मिल जाय। फिर आगे (उक्त 'रघुनाथ रूपक' में) "दवावैत" और उसके दो भेद १ पदबंध (अथवा शुद्धबंध) और गादबंध (गद्य बंध) कहे हैं, यथा

"तवै मंछ कवि है तिके दवावैत विध होय।
एक सुद्ध बंध होत है एक गद्द बंध होय॥"

इसकी टीका के पादटिप्पण में (वृंद कवि के प्रपौत्र) कवि जियालालजी ने लिखा है "दवावैत दो प्रकार की। एक सुधबंध अर्थात् पद बंध जिसमें अनुप्रास मिलावै। दुसरी गाह बंध (गद्य बंध) इसमे अनुप्रास नहीं मिलावै। इन दोनों में मात्रा वर्ण की गिनती नहीं। केवल अक्षर मीठे होवे पद छोटे वड़े होवे।" इन दोनों भेदों के जो उदाहरण उक्त ग्रंथ में दिए हैं उनसे इस शिखरवंशोत्पत्ति के वार्ता छंद वा गीत का कोई मेल नहीं, कोई चाहे तो वलात् दवावैत के अंतर्गत इसे ला सकता है। आगे चलकर "वचनिका" के दो भेद १ पद बंध और २ गद बंध—दिए हैं। इनसे भी यथार्थ मेल तो नहीं हो सकता है, परंतु कुछ दूर का मेल हो सकता है।

अब मात्रा और वर्ण के हिसाव से इस ग्रंथ के वार्त्ता छंद का पता लगाने की चेष्टा करने से यह फल होता है कि प्रथम इसका एक स्थायी रूप प्रमाणित कर लेना पड़ता है (जैसे रामायन मानस में रूप चौपाई

वा पादाकुलक छंद अन्य भेदों के साथ)। यथा

"रारा रार रारा रार, रारा रार रारा।" अथवा

"राधाकृष्ण राधाकृष्ण, राधाकृष्ण राधा।" अथवा

"सीताराम सीताराम, सीताराम सीता।" तथा ग्रंथ में से

"सारा गोडवंसी छो विचारो वात देखो।
म्हारै पूठि पाछै भी तपै छै राव सेखो।" (शेखा प्रसंग-छंद ७६)।

अथवा

"वादू घाटि आँकाँ दोय मोरा सा मिलाया।
छंदो भंग छंदां का प्रबंधाँ रीति गाया।" (छंद १२१२)

इसकी मात्रा गिनने से २५ होती हैं। इसे द्विपदा छंद मानें तो समवृत्त है। और चतुष्पदी छद मानें तो अर्द्धसम वृत्त है, तब १४ + ११ की यति से इसके पद बनते हैं। और वर्ण गणना से द्विपदा छंद मानने से (म, य, र, त, ऽऽ) रूप होता है और समवृत्त, और वर्ण गणना से चतुष्पदा छंद मानें तो (म, य, ग) + (य, र, ग) अथवा (म. य, ग, ल) + (म, य), वा इनका मिश्रण, ऐसा रूप यति से होता है और अर्द्ध समवृत्त। और १४ वर्ण के प्रस्तार में २१८५ वां छंद मिलता है परंतु नाम का पता नहीं मिलता कि इसको क्या कहना चाहिए।

परंतु इस विछेद और लक्षण करण के होने पर भी इस स्थायी छंद को नाम नहीं प्राप्त होता और न नाम का कहीं पता ही लगता है। कवि ने भी त्वरा रहने और छंद के नाम का पता न लग सकने से ही तथा अन्यत्र छंदों में न्यूनाधिक मात्रा होने से इसको छंदोभंग छंद वा वार्त्ता नाम देकर पीछा छुड़ाया, ऐसा प्रतीत होता है। उपरोक्त स्थायी रूप के अनेका—

नेक छंद आने पर भी स्थान स्थान में विकृत होकर यह छंद अन्य रूप का बनता है, जिसके लिये अन्य नामों की आवश्यकता होनी चाहिए। यथा--

"आगे अजमेरि बछराज गौड़ होता।"

= २१ मात्रा। १४ वर्ण। (छंद ६७)।

"अक्कल का देईदास वणिया उदार।" = २१ मात्रा। १४ वर्ण।

(छंद १६३)

"सारी बात जोगा रामसलाका कामदार"। = २४ मात्रा। १५ वर्ण।

(छंद १६३)

"कागद गोपाल का अमरसर घेज दीनूं। = २३ मात्रा। १६ वर्ण।

(छद ३२९)

"ऊपर गोपालवंस को राव कीनूं"। = २३ मात्रा १४ वर्ण।

(छंद ३२९)।

"पोता लाडपांन जी को वणवारी गांम"। = २३ मात्रा। १४ वर्ण।

(छंद ४९८)।

"जोरा वरसिंघ जी का चौकड़ी ठिकाणैं"। = २३ मात्रा। १४ वर्ण।

(छंद ६७१)।

"पता न्है दिल्ली की फ़ोज ने बिरोली"। = २२ मात्रा। १२ वर्ण।

(छंद १००९)

सुरतज्ञापाँन कै जगाई जीव होली"। = २३ मात्रा। १४ वर्ण।

(छंद १००९)

"झुकनूँ श्रीलछा कै तो भलाँ ही पूत जायो" = २४ मात्रा। १५ वर्ण।

(छंद ११७५)।

इस प्रकार कमी वेशी पाई जाती है। कहीं मात्रा के हिसाब से कहीं वर्णों के हिसाब से, जिससे छंद स्थिर नहीं मिलता है। इस कारण से भी इस चाल को केवल "छंदोभंग छंद" कहकर ही काम निकाला है, ऐसा हमको निश्चय होता है। वास्तव में जो स्थायी रूप ऊपर दिया है और विच्छेद से उसका लक्षण भी प्राप्त है वह प्रधान रहकर अन्य विकृत छंद, गौण, वा अनुगत छंद हो सकते हैं। इस प्रकार छंदोभंग की कुछ भी वात नहीं रहती है और ग्रंथ यथार्थ छंदोवद्ध है। हाँ 'डिंगल' के क़ायदे (वैणसगाई, मोहरा, अखरोट आदि) का प्रचुर अभाव है। तो इसके लिये यह कहा जायगा कि भाषा डिंगल-प्रधान नही है तो उन नियमों की प्रधानता भी आपेक्षित नहीं।

यह छंद की वात हुई। इस प्रकार के "झड़" वा "सराड़ा" छंदों में ख्यातें, लड़ाईयां, वृत्तांत आदि को रावभाट चारण वडवे जागे आदि गाया करते हैं। आल्हाऊदल इस ही संप्रदाय का है। हम्मीरासा, और कई एक रासे इस जाति के समझे जावें। खैर, कुछ हो। कविया गोपाल ने इस चालमें सीकर का इतिहास राव राजा माधवसिंह जी के समय में, संवत् १९२६ तक का संक्षिप्त हाल, जो उसको ज्ञात हो सका, लिखा है। इतिहास की दृष्टि से यह ग्रंथ इस भाषा में बड़े काम का है। जसरापुर इ० खेतड़ी (राज्य जयपुर) के पंडित झाबरमल्लजी ने "सीकर का इतिहास" अधिकतर इस ही ग्रंथ के आधार पर लिखा है। कविया गोपाल ने किन किन ग्रंथों सेसार खींचा था इसका पता लगाना एक पृथक् खोज का कार्य्य है। इसमें संदेह नहीं कि सुविज्ञ पाउलट साहेव ने जब इतिहास चाहा तो उनके सामने पुस्तकें और इतिहास के जाननेवाले पुरुष पेश

किए होंगे। चारणों की डिंगल भाषा की रचनाएँ सुबोध न होंगी और उसकी ऐंच पेंच भरी अत्युक्तियाँ अनावश्यक समझी गई होंगी। तब ही उन्होंने सरल गद्य भाषा में पृथक् ग्रंथ रचना के लिये आज्ञा दी। ग्रंथकर्त्ता ने कई जगह अन्य कवियों के गीत और दोहे आदि उद्धृत किए हैं इससे मूल स्रोतों का कुछ पता चल सकता है। यथा

(१) छंद ४६० के आगे। (२) छंद ५४६ के आगे। (३) छंद ७०१ के आगे। (४) छंद ७५५ के आगे। (५) छंद ७९७ के आगे। (६) छंद ८९८ के आगे। (७) छंद ९८६ के आगे। (८) छंद १०६१ के आगे। (९) छंद ११०३ के आगे। (१०) छंद ११२२ के आगे। (११) छंद ११२८ के आगे इत्यादि।

ऐसे स्थल वे प्रतीत होते हैं जहाँ अन्य चारण कवियों के गीत, रूपक आदि से छंद लिए हैं तथा उनही से इतिहास की आख्यायिकाएँ भी। सीकर के ठिकाणें में इसका संग्रह अवश्य है और वहाँ के वाकीनवीसों के पास भी इतिहास है तथा वहाँ के बडे आदमियों के यहाँ भी अंश विद्यमान हैं। राजाज्ञा से सब कुछ प्राप्त हो सकता है। समझ लिया जाय कि कविया गोपाल ने भी बटोर बटोर कर बड़े परिश्रम से यह ग्रंथ बनाया है।

ग्रंथ में कई जगह निराधार बातें भी हैं। यथा महाराज चंद्रसेण जी का विचलित होना। प्रतिद्वंद्वी का देश बहिष्कार ही इसका स्वतः खंडन है। कहीं कहीं वीरता की अतिशयोक्तियाँ भी हैं। परंतु ये बातें चारणों में स्वभाविक हैं और हमको प्रथम ही सोच समझ लेना चाहिए कि कवि सीकर का इतिहास सीकर की सामग्री से सीकर में लिखता है। एक युद्ध और विजय ही क्या, प्रायः काम नीति के सर्वांगों के प्रयोग साम, दाम दंड, भेद आदि से हुआ करते हैं। अकेली वीरता कितना काम कर

सकती है ? चतुराई, दक्षता और अवसर का भाग शक्ति में मिलने से बड़े बड़े काम सहज में हो जाते हैं। सब ही इतिहास इस सिद्धांत को प्रकाशित करते हैं। इसका योग इस इतिहास में भी लगाए बिना स्पष्टीकरण कठिन होगा।

सर्वतोभावेन यह "शिखर-वंशोत्पत्ति-पीढी वार्तिक" ग्रंथ रजवाड़ी भाषा (ढुंढाहडी और शेखावाटी भाषा मिश्रित) का एक सुंदर सुबोध मूल्यवान ऐतिहासिक प्रबंध है। इस प्रकार के ग्रंथों के प्रकाशन से राजपूतों के इतिहास संग्रह में तथा हिंदी साहित्य-भांडार की पूर्त्ति में बड़ी सहायता मिलती है। जब कभी कविया गोपाल के अन्य ग्रंथ "लावारासा", "कृष्ण विलास" आदि प्रकाशन में आवेंगे तब उक्त कवि की कृतियों का अधिक विकाश होगा और राजपूतों की वीरता, शक्ति और उनके साहस और युद्ध-कौशल का ज्ञान-विस्तार होगा। इस माला में इस प्रकार के ऐतिहासिक ग्रंथों के प्रकाशन से 'बार्डिक लिटरेचर' (Bardic Literature) के प्रस्तार के साथ ही इसकी कीर्त्ति का विस्तार भी होगा।

इस भूमिका की सामग्री-संग्रह में बारहट बालाबक्ष जी हणोंतिया वालों (इस माला के आदि संस्थापक), अयाचक कविराजा श्री मुरारीदानजी जयपुर वालों, कवि के वंशजों, पं० दुर्गासहायजी बी० ए० एल० एल० बी० सबजज शेखावाटी और ठिकाणे सीकर, और लाला श्रीनारायण जी आदि तथा चौबे सूर्य नारायणजी 'दिवाकर' कवि एवम् कवि के ग्रंथों से सहायता मिली तदर्थ धन्यवाद है।

जयपुर।
भाद्रपद शु० १५
सं० १९८५ वि०

पु० हरिनारायण।

भूमिका का परिशिष्ट भाग ।

❀

भूमिका लिखे जाने के अनन्तर हमको कवि के वंशजों से पं० दुर्गा-सहायजी बी० ए०, एल० एल० बी० सब-जज शोखाटी के द्वारा और ठा० बाव सिंह जी द्वारा तथा बारहट बालबक्ष जी हणूँतियावालों और अयाचक कविया मुरारीदानजी से कई एक विशेष बातें प्राप्त हुईं । उनमें कुछेक तो भूमिका में यथास्थान लगा दी गई हैं, शेष को यहाँ लिखते है

(१) कविया गोपाल का जन्म-काल तो ठीक मिला नहीं, परंतु वे ७० वर्षकी उमर में मरे थे अतः १६७२ का संवत् उनका जन्म का संवत् अनुमान से आता है, क्योंकि अवसान उनका संवत् १९४२ विक्रमी, मिती भादो बदी १४ का उनके वंशजों से जाना गया है ।

(२) उदैपुरना और चोखा का वास भिन्न भिन्न नहीं है, एक ही गाँव के नाम है । कवि के मोतीदान वंशज से जाना गया कि यहाँ एक चोखा जाट बड़ा दातार था जिसने गरीबों को रोटीराबड़ी दी थी और वह मुखिया और धनाढ्य था, इससे इसे 'चोखा का वास' भी कहने लग गये थे ।

(३) 'चंडीवाल' कोई पृथक् गोत नहीं है । यह शब्द चंडीवाल = चंडी + बाल है, जिसका अर्थ चंडी (देवी, करणी चारणों की इष्ट कुल-देवी) का बाल पुत्र होता है । चारण लोग अपने आपको करणी के पुत्र कहते हैं, सोही चंडीवाल शब्द से प्रगट होता है ।

(४) "पूरब जिनको भोन" यह शुद्ध पाठ "पूरब जीण को भोन"

है (पूर्व की तरफ जीण माता का मंदिर है) और "वसत सुकवियो ग्राम" का शुद्ध पाठ "वसत सुकवि को ग्राम" है (जो ऊपर ठीक कर दिया गया है)।

(५) कवि के ग्रन्थों में "कृष्णविलास" है, सो खंडेले के राजा किसन सिंह जी (कृष्णसिंह जी) के वास्ते, उनके प्रधान पुरोहित श्री वल्लभ जी के आदेश से बनाया था। 'केसरीसिंहरासा' (खंडेले का अन्य ग्रन्थ) किसी अन्य कवि ने बनाया है। यह बात बारहट बालावक्ष जी हणूँतिया वालों ने कही।

(६) कविया गोपाल के विद्यागुरु उनके काका (चचा) कवि रामनाथजी थे। अतिरिक्त क० गोपाल ने तिजारे (इ० अलवर) में रह कर वहाँ प्रसिद्ध विद्याप्रेमी रईस बलवंत सिंह जी से काव्य पढ़ा था। बलवंत सिह जी अलवर के राव राजा बख़तावर सिंह जी की ख़वास (पासवान) 'मूसी' के बेटे थे।

(७) कविया गोपाल की माता ग्राम 'चारण वास' के जवानजी जागावत की बेटी थी। चारणवास कसवा सींगोद (इ० खंडेला) के पास है। गोपाल जी की बहिन 'चाँद बाई' थी जो बारहट बालावक्ष जी पालावत हणूँतिया वालों की माता थी। चाँद बाई के एक छोटा पुत्र और भी हुआ था परंतु बालक दो वर्ष का होकर ही मर गया था। कविया गोपाल के एक भाई गिरधारी था।

(८) 'शिखर-वंशोत्पत्ति' लिखने में चारण 'मुकुंदजी' और चारण कवि 'नंदजी' सांडूगोतवाले से हालात की सहायता भी मिली थी। ये दोनों बहुत इतिहासज्ञ थे।

(९) बारहट बालावक्ष जी (इस ग्रंथमाला के संस्थापक) कविया गोपाल के खास भाणजे होते हैं। बालावक्ष जी अपने ननिहाल भी रहते थे, अपने मामूं गोपालजी से खूब प्रेम रखते थे। परंतु विद्या इन्होंने रामनाथजी के पुत्र देवीदानजी से सीखी थी और उदेपुरना के दादूपंथी साधु खेमदास से तथा शिवदत्त पंडित से भी।

(१०) कविया गोपाल की संतति का वंश वृक्ष यो हैं

वंशक्रम कविया गोपालजी का (जो सीकर के ग्राम उदेपुरना अपर नाम चोखा का बास में रहते थे)।

(११) कविया गोपाल जी पहली स्त्री 'रामपुरा' ग्राम की थी। उसके शांत हो जाने पर दूसरी शादी ग्राम रसाल (इ० कुचामण, जोधपुर) सांदू-गोत के चारणों के यहाँ हुई थी। इनकी संतानें वंशक्रम वृक्ष से जानें।

(१२) कविया के वंशजों दुर्गादान और किशोरदान ने ये बहुत से हालात लिखाये हैं। उनके यहाँ पुस्तकें भी हैं। नवलगढ़ मुकुंदगढ़ के ठाकुर साहिब श्री बाघ सिंह जी द्वारा भी कई एक हालात ज्ञात हुए हैं। तदर्थ धन्यवाद।

पुरोहित हरिनारायण।

सूचीपत्र ।

कवियां गोपीलकृत

शेषर वंशोत्पति

पीढी वार्तिक

दोहा

(१) पीढ़ी

श्रीगनेश गिरिजा गिरा, गुरू गिरीश मनाय ।
हंस वंस कुल कच्छ गुन, वरनूं ग्रंथ बनाय ॥ १ ॥
सुख संपति करनी सदा, करनी सदा सहाय ।
करनी रचना ग्रंथ की, करनी देव मनाय ॥ २ ॥

वार्ता छंद

उदैकरण राजा आँबैर पाटि बैठा ।
उदैकरण राजा कै बेटा तीन सैठा ॥ १ ॥
बाला १ वरसिंघ २ वरसिंध ३ नाँव पाया ।
तीनांका तीन पाट थांन जो बताया ॥ २ ॥
अंबानैर जेठो नरसिंघ राजगादी ।
मोजाबाद छोटा वरसिंघ ने बतादी ॥ ३ ॥
बालैराव बरवाडै थांन राज पाया ।
पीढी दोय पाछै अमरसर का राज आया ॥ ४ ॥

घोडी राव वाला कै सिरा कीषानि ल्याती ।
घोडो जो दिषाता सो वछेरो रंग ल्याती ॥ ५ ॥
राजा अंबपुर कै राववाला नै कहाया ।
थांकै मामला सो फेरि कोडी का नदाया ॥ ६ ॥
घोड्यां कै वछेरी है जकी तो राष लेणी ।
वाकी का वछेरा सो तवेलै घाल देणी ॥ ७ ॥
वालारावजी कै तीन वेटां नाँव पाया ।
वालैराव पोता षरथ १ षीवाँ २ का कहाया ॥ ८ ॥
वालारावजी को पाट मोकलराव पायो ।
षीवां षरथ कानैं गांव एकै को वतायो ॥ ९ ॥
इति श्री कविया गोपाल कृत पीढी वार्तिक
वाला समाप्तो ।

(२) मोकल यथा ।

मोकल रावजी कै सोष घोडों की सवाई ।
कोसां दोय ऊपरि कारवानां दोय आई ॥१०॥
एकां एक घोडो फेरवा कै नांय आया ।
दो दो च्यारि घोडा कारवांना का फिराया ॥११॥
मन मैं यो विचारी मोलि कुंण का षांच लेसी ।
खानाजाद थारा तो नो वछेरा भी न रैसी ॥१२॥
मोकलसौं उदासी धारि पाछो ही वदलिगो ।
मोकल नै भुरानी स्याह जंगल बीचि मिलिगो ॥१३॥

दोहा।

मोकल नैं जंगल मंही, फिरतो मिल्यो फकीर।
स्याम ताज कफनी असित, सुवरण जिसौ शरीर ॥३॥

वार्ता छुन्द

स्याम ताज कफनी कमंडल मैं नीर।
डाढी सुपेत सेष सुवरण शरीर ॥१४॥
मोकल राव आतो देषि माथा कौं नवायो।
सांई स्यां मुरांनो सेष नामी पथ पायो ॥१५॥
जंगल में चरैछी सो अव्याई झोटी आई।
मोकल का कनांसू सेप चीपी में दुहाई ॥१६॥
वोल्यो दूध पीकै सेष नीकी भांति रैणां।
तेरे पुत्र होगा राव सेषा नांव कैणां ॥१७॥
वकर का हलालो षांण सूकर कोन षांणां।
नीलाही नीसांणां राषि फकर कौं जिमाणां ॥१८॥
मोकल रावजी नें कैरि सांई तो विलाया।
मोकल रावजी कै राव सेषो पुत्र जाया ॥१९॥

दोहा

अरक वार दसमी विजय, कार सुकल सिधि काम।
जिण दिन सेषो जनमियो, वरवाडे वरियाम ॥४॥

इति श्री कविया गोपाल कृत पीडी वार्तिक।
मोकल समाप्तो।

(३) सेषो यथा।

सेषो वरवारा[1] में हुवो के भाग जाग्यो।

केई लाष रोकडो को षजानूं हाथि लाग्यो ॥२०॥

धरती बीचि कोई को धर धर्योडो माल पायो।

करता जो विसमर राम सेषाँ नै वतायो ॥२१॥

घोडा आसवारां राषवाकी शोष जादा।

तोपांकी तयारी सोर सीसोले नवादा ॥२२॥

वारा पकड़ांई पंथ आया छा नवीना।

वाई ही पठाणां राव सेषो राख लीनां ॥२३॥

जां दिनां मैं चंद्रसेणि राजा आमैर।

मोजावादि वरवाडा ऊपरि वहुत सेर ॥२४॥

कागद राव सेषां पै जरूरी मांड दीनूं।

घोडाका मँगावा को तागदो वहोत कीनूं ॥२५॥

कागद राव सेषै अंवपुर नै मांड दीनां।

घोडा फेरि देणां नाकवूली धार लीनां ॥२६॥

दीनां आज ताँई दाम जांका तो दिरावो।

घोडा चायजे तो कारदानां मांलिरावो ॥२७॥

मोजावादि वरवाडो ठिकाणां दोय दीनां।

चोदासै चमालीं गांव थेहो दांवलीना ॥२८॥

आपां तीन सारीपा ठिकाणां फांट लेस्यां।

तीनूं धालिडोरी तीनि पांत्यां वांट लेस्यां ॥२९॥

१ "वरसवारा मे" पाठांतर।

एता आंक सेषै चंद्र सेणी नैं लिषाया।
राजा चंद्रसेणी कोप दूणांसा दिषाया ॥३०॥
फोजांकी तयारी साथि सेषा सीस आयो।
सामूं राव सेषो चंद्रसेणो कै चलायो ॥३१॥
मोजावादि कांनीसूं नरू का फोज ल्याया।
सो भी राव सेषा सांमलाती फेरि आया ॥३२॥
दोनूं ओड तोपां की लडाई होंण लागी।
दोनूं ओड तोपां मैं सतेजो सोर जागी ॥३३॥
सेषो चंद्र सेणी भूप दोनूं जंग जूटा।
सेषाराव आगें चंद्रसेणी भागि छूटा ॥३४॥
फेरो दोय वारी भूप दोन्यां की लडाई।
तीनूं वारही में राव सेषो जैत पाई ॥३५॥
सोलासै सत्यासी ओद्र्यां का षेत पडिगा।
राजा चंद्रसेणी अंबपुर मे जारि वडिगा ॥३६॥
पांती चंद्रसेणी भूपदेणी धार लीनी।
पांती वार तीनां की लिषावटि मांडदीनी ॥३७॥
पांतो एक राजा चंद्रसेणी कै रहाई।
मोजावादि दूजोडी नरूकां कै लगाई ॥३८॥
पांती तीसरी नै रावसेषो आप लीनी।
वांडी जो नदी को नाम जैं की सीम कीनी ॥३९॥
वांडी तीर उत्तर की दिसामैं राज आयो।
सारो अमरसर को देस सेषां कै रहायो ॥४०॥

वांटा तीसरा को राव सेपै राज पायो ।
गादी पै बरोवरी राव सेषा नै बैठायो ॥४१॥
पांती वार लीनी भोमि छोड्या वंट दाया ।
वाको देस दाब्या राज सेषैयों वधाया ॥४२॥
असैं रावसेषै अमरसर का राज पाया ।
वारा कोटड्यां मे यों पठाणां नै वसाया ॥४३॥
दोनूं ओड भावि जोगि कोई कामि आवै ।
सेषां का पठाणां वैर कोई भी न पावै ॥४४॥
दोनूं ओड सेषैया लिषावढि मांडि दीनी ।
हांगूणां निवाणां डूंगर्यां को भोमिलीनी ॥४५॥
तीस हजार साथि घोडा रजपूत ।
वीस हजार फौज पयादी मजवूत ॥४६॥
तीय हजार सोर सीसा का ऊँट ।
जंगी वाईस तोप वैलों की जूट ॥४७॥
पता कमास लै अगोणी भूमि आया ।
जाटूकी भिहाणी दावलेणीयों कहाया ॥४८॥
सारा जाट वांभी वात सारी जांण पाई ।
फौजाराव सेपा की आगोणी भूमि आई ॥४९॥
दादरी विहाणी चरपी हांसी हंसार ।
सावक हीसांमलाति प्यादा असवार ॥५०॥
सारा सांमलाति ह्वै लडाई काज आया ।
सेपै जाटवां कै सीस घोडां नै उठाया ॥५१॥

सारां सूं आगाउ यां पाठाणां जंग जूटा ।
जादू लोग सारा जूटताही भागि छूटा ॥ ५२ ॥
सारा दौडि जादू सैर किल्ला सांकडाया ।
सारा सैर किल्लांका किवाडानैं जडायो ॥ ५३ ॥
दादरी मे जादू का नोपसिव नाम ।
सेपैराव जैंको सैर घेल्यो तमाम ॥ ५४ ॥
नोपासैर किल्ला छोडि वारैंकाम आया ।
किल्लो सैर दोनूं राव सेषा कै रहाया ॥ ५५ ॥
सेषै दादरी कै वीचिथांणानै वठाया ।
फेरूं या पठाणांने विहाणी कोषिनाया ॥ ५६ ॥
जादू एक हल्ला मैं विहाणो छोड भागा ।
सेपा को दुहाई फेरि पाछै लैर लागा ॥ ५७ ॥
कोई दूरितांई जांटवानैं भी भजाया ।
पाछैं राव सेषा सामलाति फेरि आया ॥ ५८ ॥
तीनूं ही ठिकाणां राव सेपै दावलीनां ।
फौजां फेरि हांसीका किल्लानैं जोरदीनां ॥ ५९ ॥
होता कामषांनी कौम हांसी हिसार ।
हीदेषान नांमायेक दूजायकतार ॥ ६० ॥
दोनूं सामलाति होय सेषा पैंचलाया ।
ऊंनैं राव सेषा भी लडाई काज आया ॥ ६१ ॥
दोनूं ही ठिकाणां का उडाई षूब लीनी ।
दोनूं कांम षांनी कांमि आयां भूमिदीनी ॥ ६२ ॥

ही देषांन सेषा की लडाई भूमि पोड्या ।
वाकी कांमषांन्यां फोजसूधा पेत छोड्या ॥ ६३ ॥
हीदा पेत हांसी लूंण आटा ज्यों मिलयागा ।
दोनूं हीं ठिकाणां छोडि दिल्ली नैंच ल्यागा ॥६४॥
हांसी हंसार पारतांई फुरमाण ।
आंघो थो लाई तार सेषा की आंण ॥ ६५ ॥

दोहा

दावि विहाणी दादरी हांसीगढ हंसार ।
सिषर पजाई सांमठी गवडां धरा लगार ॥ ५ ॥

वार्ता छंद

सावक राज देसां में दुहाई सूं जमाया ।
पाछै राव सेषापाट थानक फेरि आया ॥ ६६ ॥
आगै अजमेरि वछराज गोड होता ।
गोडाटी कहावै वच्छराज गोड पोता ॥ ६७ ॥
जा दितां में ठोड ठोड गोडां का ठिकाणां ।
सावक नगार वंध राजा राव राणां ॥ ६८ ॥
जां दिनां में कोला गोड भूथरी का राव ।
भूथरी की सींव में षुदा वैछा तलाव ॥ ६९ ॥
कोई पौदवानं तो मजूरी काज आता ।
गैलागीर आता सो ढकोला नापि जाता ॥ ७० ॥
ताही पंच कोई कूरमां कै वंस जायो ।
मारूदेसमांसूं जो कवीला लेर आयो ॥ ७१ ॥

सागै आदमी भी जाट नाई सा बताया ।
    मैली में कवोला ई तलाई तीर आया ॥ ७२ ॥
आनै पंथ जातां एक गोलै रोक लीनां ।
    आगै आगि सारां कै ढकोलानांग दीनां ॥ ७३ ॥
दूंणारेत चोल्या यांकनासूं तो नषाया ।
    पाछै दोय चोल्या ठाकुराणी का वताया ॥७४ ॥
चोल्यो च्यारि चोल्या मैं कनांसूंथे नषावो ।
    मैली काकनांसूंशे सगाछो ऊठि जावो ॥ ७५ ॥
सारा गौंडवंसी छो विचारो वात देषो ।
    म्हारै पूठि पाछै भी तपैछै राव सेषो ॥ ७६ ॥
कोलाराव वोला ई लुगाई नै उतारो ।
    आडा जो फिरै तो कोरडां सूं फेरि मारो ॥७७ ॥
कोला की जुवांनो छूटि तांई फेरि आया ।
    ई भी म्यांन मासूं लेर सामांहीं चलाया ॥ ७८ ॥
गोलै कोरडानैं हाथ ऊँचो लेउभाखो ।
    ऊँचो हाथ होतहीं जकैनै ठोडि मास्यो ॥ ७९ ॥
ईनै भी तलाई मैं यणां ह्वै मार लीनूं ।
    गोडां मारि ईनैं फेरि सारा सोच कीनूं ॥ ८० ॥
हेलो देर ईका साथ कांनैं वुला लीनां ।
    ई न दाग आवो हाथ थां ॥ ८१ ॥
ईनै दाग आवो हाथ थां कासूं दिरावो ।
    ईकी लुगाई नैं थे यरां न लेर जावो ॥ ८२ ॥

पैली दाग दीनूं फेरि मैली नैं जुपाई ।
वैंकी ठाकुरांणी अमर सर कै थांन आई ॥८३॥
म्हैलां सांकडीसो आंण मैली थांमि दीनी ।
मूंडी पक वालू की पलाकै बांध लीनी ॥८४॥
सूधी राव सेपाकी विछात्यां आंण लीनी ।
गादी कूंट उपरि षोलि वालू मेल दीनी ॥८५॥
सूणी देपी चोपी वात सूंणां की वताई ।
देषो रावजी को भाग ओरूं भूमि आई ॥८६॥
वोल्या राव सेपोजी जुवांनो सूं सुणावो ।
वालू आंणि मेली आप कुंणछो सो वतावो ॥८७॥
वोली ठाकुरांणी मैं राठोडां वंस जाई ।
माई तां पिनाई व्याही कूरम वंस आई ॥८८॥
झूंथरी नांव वोलिकै निसासो फेरि नांष्यो ।
मेरा व्याहता नै षूनहीणू मारि नांष्यो ॥८९॥
मरतै वष्त वोल्यो छो अेकलो ही न देषो ।
मेरी पूठि पाछे भा तपैछै राव सेषो ॥९०॥
पीढ्यां मैं वडेरोछो जकै तो साष काको ।
पाछै पाटवो छो वैर आंटो काढवाको ॥९१॥
ताही स्यात सेपै जीन घोडां पै कराया ।
कोला गोड मायै कोपि झूंथरी पै चलाया ॥९२॥
जां दिनां मैं कोलराज झूंथरी को राव ।
कोलो लाव नांव सो षुदावैछो तलाव ॥९३॥

सेषोराव सूरज उगंतां की साथि आयो।
कोलो गोड कोलो लाव हीकोपालिपायो ॥९४॥
सेषै देषतांही राव घोडां भेलि दीनां।
गोडां का समूंचा भायपानै मारि लीनां ॥९५॥
पोडां की धरा में राव सेषा की दुहाई।
गांवांयकावनके सेत भूंथरी आपणाई ॥९६॥
गोडां दोयसैनै राव सेषै मार लीनां।
सारांनै तलाई पाल मैं दाग दीनां ॥९७॥
भूंथरी कै ठिकाणै गोडवंसी तो उपडिगा।
कोई उवस्था सो धाटवां में दोडि वडिगा ॥९८॥
भूंथरीकी रूपाली काज थाणां नै रषायो।
मांथोकाट कोलाको अमरसरनाथ आयो ॥९९॥
मांथो राव सेषै हाथि मांणस कै षिनायो।
काकी रावजी को थाल मोत्यां सौं भरायो ॥१००॥
माथा सैतमोत्यां राव सेषा नै वधायो।
सेषा नैं वधास्यो फेरि वोलीगोड जाज्यो।
भूंथरी को ठिकाणूं राव सेषाकै रहाज्यो ॥१०१॥
लेणो फेरि पाछी गोड भूथरी काज आया।
फौजां राव सेषा को लडाई कौ चलाया ॥१०२॥
ऊँनै राव सेषा को सतेजो लोग आयो।
ऊँनैषेत पूर्व्यां तोर गोडां सांकडायो ॥१०३॥

घोडां की वाग लीनी गोडां सताव ।
सेषा की फौज वीचि कीनां गरकाव ॥१०४॥
घोडा रजपूत च्यारि सैं तो पेति पडिगा ।
बाकीऊबरथा सो घाटवां मे गोड वडिगा ॥१०५॥
गोडां सौं ग्यारा चोगान की लडाई ।
बांवनराडिसारी राव सेषा की वताई ॥१०६॥
वावनमी लडाई राव सेषै काम आया ।
बैठा पाढिरायांमल सेषै राव जाया ॥१०७॥
इति श्रीकविया गोपालकृत पीडी वार्तिक राव सेषो समाप्ती ।
समाप्ती ।

(४) राया मल यथा ।

आमा १ कुंभ २ अचल ३ भारू ४छोटा च्यारि भाया ।
पेजडोल्या मिलक परथा गांवां सैं कहाया ॥१०८॥
डुर्गोजी २ रतनूंजी सेषा का जाया ।
डुर्गोजी नांणो गांव थानिक अपणाया ॥१०९॥
माजी टाकाणी के नांय वाज्या टकणैत ।
रतनावत पाळ्यों डांला वांनहसूरसैत ॥११०॥
गोडाटी विचि सब गौड वतलाया ।
घाटवै लडाई राव सेषा कामि आया ॥१११॥
रायामल वैर कायरादा धारि लेसी ।
गोडाटी घाटवा समेत दाव लेसी ॥११२॥
सारा गोड भेला ह्वै मनोरथ वांध लीनां ।
थानकी मारोट रायमल को ब्याय दीनां ॥११३॥

दाया वैर का तो ब्याहि वेटी दूर कीनां।

झूथरीका परादा डायजा में छोड दीनां ॥११४॥

रायामल पास एक रहता रजपूत।

जाति का पँवार स्यांम धर्मी सावूत ॥११५॥

मारवाडी धरती षीचियांकै जारि ब्याया।

षीचाणि नैं साथि लै फतैपुर सैर आया ॥११६॥

जां दिनां फतैपुर कामषांन्यां को राज।

गादी पर अलप षांन कांमी निरलाज ॥११७॥

गैला कै ऊपरि एक जायगा वणाई।

देष्यां विना कोई भी न जावादे लुगाई ॥११८॥

ऊभी राषि सामी घूंघटानैं तो षुलावै।

आवै दाय जैनैं फेरि सेजां में वुलावै ॥११९॥

इं गैलै आयो रजपूत दोय वार।

आडा फिरि पूछ लीनां सारा समचार ॥१२०॥

भैली कों वोल्या नवाव घेरि ल्यावो।

नीची उतारि यां लुगाई कों दिषावो ॥१२१॥

भैली का पैडा पासि उभा मजवूत।

वासी अमरसर का रायमल का रजपूत ॥१२२॥

वोल्यो मूझ ऊभां आंणि परदा कूंउथेलै।

धरती को भार सेस नाग नहीं झेलै ॥१२३॥

ऐसी वात वोल्यो कै दुधारो हाथ लीनूं।

पैली ठाकुराणी सीस हाथां दूर कीनूं ॥१२४॥

सातूं ही जणां हैं साथि आवध ले चलाया।
सौला कांमि पानी मारि पाछै कामि आया ॥१२५॥
नाई उबरया सो जीव लेकैं एक भागा।
ब्यौरा फेरि नाई की जुबांनी आणि लागा ॥१२६॥
रायामल रूठा राव सेवै अंस जाया।
कोसां कोस ऊपरि डाक छानैं से वठाया ॥१२७॥
पती बात छानां की नवाबांनैं सुणाई।
सांमी अमरसर कै डाक अलपैवी वठाई ॥१२८॥
दौनां का दिल में दगा करणों का दाव।
अलपषां नवाव ऊनैं रायमल राव ॥१२९॥
कोई का दाव साम्फ कोई भी न आया।
रायां मल राजा एक मन सूवा उपाया ॥१३०॥
चौमासा आया तव सांवण मास।
रैता उमराव जेता रायमल पास ॥१३१॥
तीजां पर सावकनैं सीष फुरमाया।
आणे का सईचा जो सिजारा नैं वताया ॥१३२॥
जोड़ा की पाल मारोट का ठिकाणां।
च्यारि घडि राति रयां सांमल हो जांणां ॥१३३॥
अलपा नै डाक मांझ पती लिषा दीनी ॥
रायांमल सवही नैं सीष दे दीनी ॥१३४॥
घोडा पांच सागै मारोट नैं चलाया।
कागद वांचतां हीं जीन जीन यों कहाया ॥१३५॥

छाणि आंवणों का कांम कोई को न कैंणां
रायांमल पावै जो जहाँ सों पकडि लैणां ॥१३६॥
रायांमल घोडा पाँच सागै ले चलाया।
घोडा सात सै सूं कामषांनो पंथ आया ॥१३७॥
आया उमराव रायमल का तमांम।
ग्यारा सैं घोडां का बणिगा कमांम ॥१३८॥
भालों को अणियां सै आसमान छाया।
जीण वारि तांई कामषानी फेरि आया ॥१३९॥
सामांआवतां हीं आणि व्योरा फेरि लागा।
व्योरा लागतां हीं कामषांनी पूठि भागा ॥१४०॥
ताहि स्याति रायांमल को भी ठीक हूगा।
घोडा हांकि कोसां पाँच उपरि जाय पूगा ॥१४१॥
रायामल पूगा कांम षांनी देषि अडिगा।
मीढां की तरह सूं एक टकर ले मुरडिगा ॥१४२॥
रायांमल आगै कामषांनी फेरि भागा।
हास्यां तेज ताजी रायांमल भी लैर लागा ॥१४३॥
सोला कोस तांई सामलाती वीर साका।
पाछै और घोडा लोग सारा लूट थाका ॥१४४॥
इका नवाव इका रायमल राव।
दोनां का दिल मे मारि लेणें का दाव ॥१४५॥
वीस पैंड दोनां का घोड़ा वीच लागैं।
दोनूं हांकि थाक्या पणि आंतिरा नभागै ॥१४६॥

रायांमल तवही मारणे का दाव कीनां।
झोडाका कनारा कामपांनो जाय लीनां ॥१४७॥
आयो वीढ जाण्यो रायमल का सेल छूटा।
जैसों कामषांनी जीन बगतर बाज फूटा ॥१४८॥
मारा कामषांनो कों सवाया वैर आया।
रायांमल वीरांवीर सेपै राव जाया ॥१४९॥
जां दिनां मेंडोवर मे माला राठोड।
परवत सर धाटवा समेति सब गौड ॥१५०॥
दोनां कै सीवां का अडाव ठहिराया।
माल दे मडोवरसैं गोडां पर आया ॥१५१॥
गोडां फौज मेली कर सामने चलाया।
कागद भेज राजा रायमल जी नै बुलाया ॥१५२॥
रायांमल घोडा आठसां नैं लेर आयो।
मालांकी अण्यासूं आसमाणी लोक छायो ॥१५३॥
दोनूं राठोड गोड कांकडां लडैछा।
दोनां का घोडा रजपूत ऊघडैछा ॥१५४॥
रायांमल पते राव घोडां नैं उठाया।
तूटा आम जाणी मालदेकै सीस आया ॥१५५॥
दोनूं ओड जोधा जूरमां कैसार वागा।
पाछै मालदेजी मडोवर का पथ लागा ॥१५६॥
रायांमल राजा मालदे सैं जैत पाया।
वाजतां नखरां अमरसर कै थान आया ॥१५७॥

केतो बार कोनी राव केती ही लड़ाई ।
रायांमल जूटा जैं लड़ाई जैत पाई ॥१५८॥

इति श्री कविया गोपाल कृत पीडी वार्तिक रायांमल समाप्ती ।

(५) (राव सूजो यथा)

पाछैं रायांमल कै पाटि बैठा राव सूजा ।
सूजाराव जीं कै पाँच बेटा भांण दूजा ॥१५६॥
टीकाई जकां में लूणकर्ण जी पाट पाया ।
भैरूं जी १ लुहारू थान भैरूं का कहाया ॥१६०॥
गोपालै ? बसाया गांव झाड़ैली सुरांणी ।
चांदे १ मैणपुरकी बावसोंकी भोमिआंणी ॥१६१॥
राजा रायसलजी गांव लांम्यां एक पाया ।
साहांसाह देई दास जी नैं साथि ल्याया ॥१६२॥

इति श्री कविया गोपाल कृत पीडी वार्तिक रावसू जो समाप्ती (६) रायसल यथा ॥

अकल का देई दास बणियां उदार ।
सारी बात जोगारायसल का कांमदार ॥१६३॥
एक गांव लांवी सूंठिकाणां नै वणाया ।
धरती बीचि कोई का धरोड़ामाल पाया ॥१६४॥
जाणै कौण एती बात सुणता जां बताई ।
ग्यारा लाष रुपयां को असरफीभूमि पाई ॥१६५॥
दिल्ली आगरामें जां दिनां का ए विचार ।
आई फोज वलषी बादसाहां की अपार ॥१६६॥

रायांसाल जांणी वात सूजै राव जाया।
घोड़ा सात बीसी लेकर दिल्ली सेर आया ॥१६७॥
घोडा रजपूत देष चंगा हमगीर।
नगदी में राष लीनां वकसी उजीर ॥१६८॥
बादशाह कतलूषांन वलष सैं चलाया।
केई लाष घोड़ा ले दिल्ली पै कोपि आया ॥१६९॥
अकबरस्याह फोजां लेर सामांही चलाया।
जांणी दो समुद्रांपाज लोपी जेम आया ॥१७०॥
नो नो लाष फोजां वादिसांहा कै बताया।
सत्तरिषांनवहत्तरीराव राजा साथि आया ॥१७१॥
अकबरसा वादिस्याह कीनां परयांण।
भालों की अणियां सैं छाया असमांण ॥१७२॥
केई तोप जंगी जूंट वैलों की चलाई।
केई पंथ लम्बी तोप हाथ्या पैहवाई ॥१७३॥
दोनूं वादिशाहां की फौजां मिलांण।
दोनूं वादिसाहां का कर्त्ता फुरमांण ॥१७४॥
एकै वार लीनी तोप गोलां की लड़ाई।
पीछै वादिसांहा वाग घोड़ां की उठाई ॥१७५॥
सेर वच्चा करावीणी षंजर कटार।
सिरोही असील तेग बाहैं असवार ॥१७६॥
दोनूं वादिसांहां कैसतेजा वाज आया।
अंगां लाहोर की लड़ाई में उठाया ॥१७७॥

वलषके वादिस्याह अकवर कौं जाणि।
वरछी कौं तोली ह्वैरकावूं कै पांणि ॥१७८॥
अकवरसा वलषी वादिस्यांह कौंपिछांणां।
भागां लाज तषत की जूटै जीव जांणां ॥१७६॥
वादिस्याह अकवर नैं भाजणीं उपाया।
जीवकौं वचाणां भी तषत का छोड़ि दाया ॥१८०॥
रायां साल ताही स्याति दोनां वीचि आयो।
वोल्यो वादिस्यां नैं गाली पीछा कौं हटायो ॥१८१॥
साहां कै अगाड़ी आंणि ऐसी तेगवाही।
दोनूं वादिसांहां की सिपाहां भी सराही ॥१८२॥
वादिस्याहा वलषी तो वीर भोमि पोड्या।
वलषो विलायतों का वीर षेत छोड्या ॥१८३॥
वागा वादिस्यांहां के कुस्याली का नगारा।
दोनूं दीन हाजरि चाकरी में आंणसारा ॥१८४॥
दोनों दीन वोलै साहि आगै वात आही।
वलषो वादिसाहां सीस मैनैं तेगवाही ॥१८५॥
नांहां नाह अकवर साह सारांनैं पिछांणैं।
छो तो जाति हिन्दू एक एती वात जांणैं ॥१८६॥
वादिसाह एक दिन कीनां फुरमान।
सावक सवार होय धोड़ा जवान ॥१८७॥
दोनूं दीनहींका लोग मेरे पासि आंणां।
मेरे पासि आकै फेरि डेरां ऊठ जांणां ॥१८८॥

सोही लेर आणां जो लड़ाई का समाज ।
घोड़ा जीन कपडा सेल कमरि का साज ॥१८६॥
ऊपर कौं थकसी उजीर बादिस्याह ।
नीचो कर जाणां असवारों का राह ॥१९०॥
रायांसालसारां सौं पछाड़ी भूप आया ।
दूरां सौंपिछाण्यां साहि दिल्लीक बताया ॥१९१॥
मेरी जाणि तो उजीर यही रजपूत ।
ढाल तरवारि घोड़ा पछाड मजबूत ॥१९२॥
मेरी जाणि याही जीव मेरा कौं बचाया ।
जीवां भी बचाया पाट दिल्ली कै बैठाया ॥१९३॥
रायांसालजी नैं साहि दिल्ली कै बुलाया ।
सारां आवणां केसैध रायां साल आया ॥१९४॥
दिल्लीनाथ बोल्या नांवकांई गांव रैणां ।
कांई जाति बेटा तू किसका मोहि कैणा ॥१९५॥
भाई का अमरसर थांन सेषै वंस जाया ।
रायां साल नामी राव सूजाका बताया ॥१९६॥
षलषोबाद्दिसाहां सीस वाही तेग तूछा ।
सच्ची बात कैणी बादिसांहां रामपूछा ॥१९७॥
कतलू साही मेरा जीवलेणे काज आया ।
तैंनैं क्या जुवानी व ली पीछाकौं हटाया ॥१९८॥
रायसाल बोल्या सुणि दिल्ली सुलतान ।
वैही ठौड बोल वैकी वैतौ जुवान ॥१९९॥

नोवति पै अकवर सा वादिसाह आया ।
वावन वार डंका वादिसांहां ले लगाया ॥२००॥
वावन पिड़गनां तो रायसल नै साहिदीनां ।
सारा पंचमारी का मुनासव कुरव कीनां ॥२०१॥
माही वा मुरातव फोल जंगी पीठि वाजा ।
दीनां षंडपुर का राज रायां साल राजा ॥२०२॥
जेती भोमि मेरी मे दुहाई का उचार ।
पोस लेणां देदेणां तेरे यक तार २०३॥
दिल्ली की विलायती के हिन्दू तुरकांण ।
राजा राय सल का सब ऊपरि फुरमांण ॥२०४॥
घोडा ऊंट हाथी तो पय्यादी फौज वैणां ।
सूवादार सावक रायसल की साथि रैणां ॥२०५॥
पताथोक पाया आगरासों भूप आया ।
दोनूं दीन हाजिर होय मांथा कौ नवाया ॥२०६॥
जां दिनां षंडेलै निरवांणा को राज ।
साज वाज देस कोस विगड़्या समाज ॥२०७॥
जांनै काढ दीनाँ देस वारैं भूमि काजा ।
वैठो षंडपुर कै पाटि रायां साल राजा ॥२०८॥
सोलासै अठारा साल वीत्यां होय सेठो ।
रायां साल राजा षडपुर कै पाटि बैठो ॥२०९॥
पैलां राव सेषों जाटवांकी भूमि लूटी ।
रायां साल सेषां कै रहाई फेरि छूटी ॥२१०॥

सोही जाटवां की भोमि लेणी का इरांदा ।
फौजां ले चलाया जाटवां कै सोर ज्यादा ॥२११॥
उत्तर की दिसा में रायसल का देप आणां ।
होगा सामलाति जाटवां का जो ठिकाणां ॥२१२॥
जाटू सामलाति होय मरणी काज आया ।
ऊंनसो नवावी फौज भटनेरा उठाया ॥२१३॥
षान भटनैर कार जाटू रजपूत ।
लड़वैं का ठाठ वांधि आया मजवूत ॥२१४॥
आगे वादिसाहां की फोज का कमांम ।
जाटूषान देषी डर मान्यां तमांम ॥२१५॥
जाटू रजपूत षांन अधिका उपड़िगा ।
किल्ले भटनैर कै तमांम दोड़िवड़िगा ॥२१६॥
रायांसाल राजासैर किल्लो आंणिधेरयो ।
तोपां की लड़ाई सोर सीसासूँवषेरयो ॥२१७॥
पैलांसेर किल्ला पैं सतेजी सोर जागी ।
पाछै वोलि हल्लो वादि स्याहि फोज लागी ॥२१८॥
जाटू तो जिताही कोट वारैं कामि आयो ।
वाकीका वच्यासो भागि छूटा छोडिदाया ॥२१९॥
जाटू भागिछूटा भी कितांनैं मारि लीनां ।
किल्लावुरज ऊपरि षान पल्ला फेरि दीनां ॥२२०॥
ताहीषांन कौं तो वांधि दिल्ली भेज दीनूं ।
रायां साल राजा सेर किल्लो दाव लीनूं ॥२२१॥

रोकड़िका षजांनां हेरि सारांनैं वुलाया।
ऊंटा में भराया षंडपुरनै भी पुगाया ॥२२२॥
किल्ला मे पाया ओर जेता जषीर।
सावकही षडपुरनैं कीनां बहीर ॥२२३॥
नामीजो नगारो जंग जैती आप ल्यायो।
झंडो दुर्ग नामी बादिसांहांनै पुगायो ॥२२४॥
केतो भार किल्लाका किंवाड़ां भूप तो भी।
किल्लाषंडपुर का कै चढाया आंखि सो भी ॥२२५॥
पतै बादिसांहूं का आया फुरमांण।
सूवा गुजरात पल्लणपुर का पठांण ॥२२६॥
आवूगिर नारि हिन्दू जाड़ेचा जाम।
जूनांगढ़ भावनगर सिंधी तमांम ॥२२७॥
सत्तरि हजार गुजरात का वर्दलिगा।
सूबादार अैमदपुर का सैं जारि मिलिगा ॥२२८॥
मिलिकै बादिसाहूं का अमल कौं उठाया।
ऊंतीन बरस होगा तैसोलकूँ न आया ॥२२९॥
हाथी गांव बावन चारणां नैं दान दीनां।
तेरा लाष रोकड़िका दान पुंन्य कीनां ॥२३०॥
रायां साल राजा आप पश्चिमदेस जाणां।
सूवा गुजरात को विगाड़ि फेरि आणां ॥२३१॥
रायां साल किल्ला भटनैर तोड़िआया।
दान पुंन्य रीऊकै प्रवाह सा चलाया ॥२३२॥

ऊंधरती नापि एक सो यकावन का दान ।
विप्रा कौं देर फेरि करणां सनांन ॥२३३॥
कोई देश कोई गांव करणां मुकाम ।
दिल्ली का सूबा बादिसाही तमाम ॥२३४॥
याही गांव वासी ब्राह्मणां नै तेड़लेणां ।
पट्टामांडि पच्छिम की तरफ कौं नांपदेणां ॥२३५॥
ब्राह्मण ब्राह्मणी का आणां जाणां हमेस ।
पूठि पाछै रहणां तावड़ां का प्रवेस ॥२३६॥
वाकी गाँव भोमिरीज राजी होर कैंणी ।
एक सो यकावन तो हमेसां नाप देणीं ॥२३७॥
ऐसा नेम धार्‌यां देस पच्छिम कौं चलाया ।
सूबादार जांणीं पंडपुरका भूप आया ॥२३८॥
संगर सफील रैंणो जंगो कपाट ।
किल्ला में सीसा सोर तोपां का ठाट ॥२३९॥
सिंधी गुजरात का ठिकाणां सैंराह ।
जेती कम नेत नेत बधी सिपाह ॥२४०॥
एते भूप रायांसाल फोजां लेर आया ।
किल्ला सेर हल्ला वोलि दोनांनैं दवाया ॥२४१॥
दोनूं ओड़ तोपां की सतेजी धूम वागी ।
धूँणी सोर सीसा की अकासां जाय लागी ॥२४२॥
कोई सामलाती वां टिकाणां का न आया ।
रायां साल आठैं दहि किल्ला को छुड़ाया ॥२४३॥

सूबादार कामैत्यां समेति बांधि लीनां।
बेड़ी वालि दिल्ली कों सताबी भेजदीनां ॥२४४॥
ताला षोलि रोकड़िका षजानां काढ लीनां।
बाकी का जषीरी सो किलामें छोडि दीनां ॥२४५॥
सूबादार सूबै भूप दिल्ली से बुलाया।
रायां साल फोजां ले पुराणैं कोटि आया। ॥२४६॥
जूनै कोट दीहां तीन तांई सोर जागा।
सारा हींदवांका भी ठिकाणां पांय लागा ॥२४७॥
जूंनागढ भावलपुर आबू गिर नार।
जामनगर भुजनगर भावनगर धार ॥२४८॥
जाड़ेचा सर वहिया वाले सा जाम।
षीची यामारषांन सिंधी तमोम ॥२४६॥
तीनूं वरस तांई का मांमला भराया।
सूबें गुजरात कै नियाति षांन जाया ॥२५०॥
रायां साल सूबा गुजरात सरदकीनां।
हिन्दू लोग सारा द्वारिकानै साथ लीनां ॥२५१॥
छापांले पुरी में पुन्यि सारां का वढाया।
गांवां पांच पट्टामांडिटीकम कै चढ़ाया ॥२५२॥
षाही गुजरात की तलेटीका गांम।
रायां साल पट्टा मांड दीनां सरनांम ॥२५३॥

॥ दोहा ॥

रायां साल नरष्पियो दत विणषाली दीह।

पटां जिकणरी पाति सा लोंपन सक्या लोह ॥२५४॥

केई गांव भूमी राय सलका दान पट्टा ।

केई राज होगा हाल तांईनां पलट्टा ॥२५५॥

सूवां वादिसाही कां समूंचां भोमि दीनी ।

दोनूं दीन रायां साल दीनी सो न लीनी ॥२५६॥

सूवा वादिस्याहि पायनामां में लगाया ।

राजा रायसलजी षंडपुर कै पाटि आया ॥२५७॥

सारा ही प्रवाह रायसल का जो वर्तावै ।

पता ग्रंथ होवै फेरि पोथी में न मांवै ॥२५८॥

इति श्री कविया गोपाल कृत पीडी वार्तिक रायां साल समाप्तो त्रंमल यथा ।

रायां साल राजा कै समूँचा पूत वारा ।

ना ओलाद रैगा पाँच सांतां का पसारा ॥२५९॥

रायां साल जाया नांव पाया नाह नाहा ।

सातांनैं ठिकाणां वांट दीनां वादिसाहां ॥२६०॥

थेठू भोज राजा १ उदैपुर को थान पायो ।

रैवासो वड़ाजांलाडषां जीनै वतायो ॥२६१॥

रांणोली हराकै १ ताजषांकै चावड्यायो ।

परसै १ गांव न्यारो परस रामांपुर वसायो ॥२६२॥

गीधोजी रहायो पांट थांनी षंड पर को ।

त्रंमलराव १ होगो ईस नागाणां नगर को ॥२६३॥

तिरमल कौं वादिस्याह वकस्या नागौर ।

राव पदी वाही दिन आई सर जोर ॥२६४॥
भाई ओर सारा षंड पर की भोमि रैगा ।
नागाणां ठिकांणां राव अमल राज हैगा ॥२६५॥
अंमल कै तीन वरस भुगती नागोर ।
ता पीछै अंवापुर वालां का तोर ॥२६६॥
दिल्ली चाकरी में दोडि जगता मान जाया ।
नागाणां ठिकाणां वादिसाहां सै लिषाया ॥२६७॥
वाईसी साथि लेर कीनां पयांण ।
हिंमति का जोर वादिस्याही फुरमांण ॥२६८॥
किल्ला दाव लेणीको सतावी चालि आया ।
चार्‍यों मेरि हल्ला बोलि किल्ला पै चलाया ॥२६९॥
मैंना तीन तांई सोर सीसा की लड़ाई ।
एकै वंस जाया भूमि तावा की अड़ाई ॥२७०॥
जांणी वादिसाहां कोट नागाणां न छूटै ।
दोनूं षंडपुर का अंवपुर का ईस जूटै ॥२७१॥
ऊंनै मान जाया एक रायां साल जाया ।
दोनां का यरादा एक दिल्ली में रहाया ॥२७२॥
ऐसा वादिसाहां का छूटा फुरमांण ।
राषणां वरोवर ही दोनां का मांण ॥२७३॥
जगता नै वादिस्याह दीनी नागोर ।
कासली ठिकाणै राव अंमलको तोर ॥२७४॥
कासली ठिकाणै राव अंमल का राज ।

घोड़ा रजपूत राज कारिज समाज ॥२७५॥
पुरजा कासलीनैं वादिसांहां का पिनाया।
रायां साल जाया राव त्रंमलनैं बुलाया ॥२७६॥
दिल्ली राव त्रंमल वादिसाहां यासिपूगा।
जांणी अंवषासां वोचिदूजा भाण ऊगा ॥२७७॥
षत्री एक चांदूलाल दिल्ली मांझ रैतो।
जैकै काम रोकड़ि को षजानूं हाथि हैतो ॥२७८॥
वेटी रूपवती एक चांदूलाल जाई।
दिल्ली मे कुसीसैं रावत्रंमल कै रहाई ॥२७९॥
त्रंमलराव केतादीह दिल्ली में रहायो।
आयो कासलीनैं साथि वैनें भी लियायो ॥२८०॥
एक रवतांणी एक षतरांणी नारि।
दोनां को त्रंमलराव राषी यक सारि ॥२८१॥
त्रंमलराव जी कै पूत जाया फिरि तीन।
तीनूंही त्रंमलराव जी कै आधीन ॥२८२॥
रांणी एक गंगा १ एक वंद्दी छोड जाया।
पूरामल १ नांमीसो षवास्यां का वताया ॥२८३॥
त्रंमल रावजी तो सुर्ग कीनां पयांण।
दिल्ली में जहांगीर दिल्लो सुरतांण ॥२८४॥
इति श्रीकविया गोपालकृतपीढीवार्तिक त्रंमल समाप्तौ

पूरणमल गंगाराम यथा।
फोजां वादिसाही लेर सूबादार जूटो।

सोलासै धुंणंतरि कासलो को राज छूटो ॥२८५॥
गंगाराम बंदी छोड़ राणी कूंप बेटा ।
षांटा अमरसरका काजकीनां जोरि षेटा ॥२८६॥
दोनां अमरसरकी भोमि वसवाभी न दीनी ।
जोरावर पर्णेसी रेणवायलो दावलीनीं ॥२८७॥
बंदी छोड गंगारैंण वायलि में रहाया ।
पूरणमाल सूदा सैर दिल्ली नै चलाया ॥२८८॥
पूरा वादिसाहां का सलांमी पासि रैंणां ।
कोई पासि षोटी वात कोई की न कैंणां ॥२८९॥
पूरा वरस वारा वादिस्याही में रहाया ।
पूरा नाम अछा वादिसाहां यों कहाया ॥२९०॥
एता मांझ विलषी वादिसाहां को षिनायो ।
कुरतीगीर जेठी एक दिल्ली मांझ आयो ॥२९१॥
वादिस्याह कागद में लिषदी विचार ।
जेठ्यां की राड़ि वलष दिल्ली की हारि ॥२९२॥
दिल्लीनाथ जेठी वादिस्याहो का वुलाया ।
कुराो काज सों एक कोई भी न आया ॥२९३॥
ईसों जूटवाका साहि वीड़ा फेरि दीनां ।
दोनूं दीन देषें पांन एक भी न लीनां ॥२९४॥
वीड़ा फेरि पाछै वादिसाहां यों कहाई ।
सारी वादिस्याही में निवीजी भोमि पाई ॥२९५॥
एती वात सुणकैराव त्रंमल का पूत ।

साहि कै नजीक आणि ठाडा मजबूत ॥२९६॥
घोड़ाकों उठाया बादिसांहां कों निहाऱ्या।
जेठी पेचलाया फेरि दूणां जोसधाऱ्या ॥२९७॥
जेठी तो भुजांनैं ठोक पूरासीस आयो।
पूरै रावजी कै षूब जेठी नैं षिलायो ॥२९८॥
दोनॅूं सिंघ रूपी सांकलां सूं जाणि षूंटा।
दोनूं बादिसाहां की सिपाहां बीचि जूटा ॥२९९॥
केति वार भूमो चांपि जेठी दाव पाया।
पाछै राव पूरै चांपि जेठी नैं उठाया ॥३००॥
केती वार जेठी जोर आगैं पेच कीनां।
पूरै चांपि जेठी नैं भ्रमाया नांषि दीनां ॥३०१॥
वाहीस्याति नीसरिगा जेठी का प्राण।
पूरा मल्ल बादिस्याह कीनां फुरमांण ॥३०२॥
दोनूं बादिसाहां की सिपाहां नैं निहाऱ्या।
पूरैमल्ल जेठी को पछाड्या भूमि माऱ्या ॥३०३॥
पूरानैं जिहांनां गीर छाती सैं लगायो।
ताही स्याति फेऱ्यो कासलीको राज पायो ॥३०४॥
दीनूं कासली को पाट चोरासी गांम।
बादिस्याह दीनां राव पूरणमल नांम ॥३०५॥
कोईकों पिड़गना बादिस्याही सैं मिलैगा।
तेरी राव भाला की सही सैं काम हैगा ॥३०६॥
तेरा एक भाला हींण नोऊँ म्होर कञ्ची।

तेरा एक भाला की सही सैं राव सच्ची ॥२०७॥
कैणां बादिसाही राव मांथा पै रषाया।
मांगी सीष पाछैं कासली कै पाट आया।
पूरणमल जायो सो गयोड़ो भोमि ल्यायो ॥२०८॥
पूरणम लकीनूं राज तिरमल्ल कै पूत।
सावक रजवाड़ां को बांध्यो यक सूत ॥२०९॥
राजा १ राव २ रावत ३ समेत सवरांण ४।
रावल ५ वहादुर ६ जाम ७ पदवा दीवांण ८ ॥२१०॥
आठोंहीं पदीका कासली कै थांन आया।
सारा कच्छ कुलमें राव दादोजी कहाया ॥२११॥
गीत-पोता व्हो थारा पूरणमल तू दादो ढूंढाड तणो पांण
सराह्यौपाति सा गाई विलायति मल्ल राव ठिकांणैं
राषियो सूरोपूरण मल्ल ॥
कासली ठिकांणैज राव पूरण कमांम।
पूरण कै पाटि राव बैठो बलिराम ॥२१२॥
पीढी दोय तांई तो षवास्यां का रहाया।
पीढो दोय पाछैं राव तांणी का बताया ॥२१३॥
गंगाराम बंदी छोड तिरमल राव जाया।
केई बरस ताई रैणवायलि में रहाया ॥२१४॥
बंदी छोड़ जीतो कासली में फेरि आयो।
गांवां कासली का नागवांमें जो बसायो ॥२१५॥
गांगै रैंणवायली थांन बेटा पांच जाया।

जेठा स्यामसींहजी रैण वायलिमें रह्या ॥३१६॥

टाडावास एकै गांव रतनैं दाव लीनां ।

तीन्यां का ठिकाणां नांव एकैसाथ कीनां ॥३१७॥

तुलछीराम१ दलपति१ किलांणसिंघ१ नांम ।

पालवास वींजासी उगेरैं पांच गांम ॥३१८॥

इति श्री कविया गोपाल कृत पीढीवार्तिक गंगा राम

समाप्तो स्याम (राम यथा)

बेटा नव स्याम कै विजाई सिंघ जाया ।

नोऊँ ही सतेजा भांण नोवां नांव पाया ॥३१९॥

सामतसिंह१किसन१मुकनूं१करणूं वलधाम१ ।

अवलों १ अमरसिंह सातों यह नाम ॥३२०॥

कोई वरस पाछै गांव यांकै तीन आया ।

ईंदोखू गुणाटू गांव सेवद में बताया ॥३२१॥

जैसो जगतसींजी स्याम कामैं दोय जैठा ।

सारां वीचि दोनूं ही सवाए तेज सैठा ॥३२२॥

सारा जा दिनां में रैणवायलि गाम रैता ।

सारा पूत स्यामां का अवीढा जोरि चैता ॥३२३॥

रैता गोपाल वस गांवां दो च्यारि ।

सारी अणहोती बात सैता विचारि ॥३२४॥

तावै एक होणी कैलड़ावा अँणल्याया ।

सारा सांमलाती कोटड़ी कै बीच आया ॥३२५॥

दोनूं ओड हिरणां की लड़ाई जीति हारि ।
दोनूं ओड गाली बोलि काढी तरवारि ॥३२६॥
ऊँनैं राव वंसी वंस ऊँनैं गोपाल ।
दोनां तेग बरछी तोलि कीनूं रणताल ॥३२७॥
हिरणां की लड़ाई में अपूठा वैर नांष्या ।
आया छाजकांनैं स्यांम जाया मारि नांष्या ॥३२८॥
कागद गोपाल;कां अमरसर भेज दीनूं ।
ऊपर गोपाल वंसकां को राव कीनूं ॥३२९॥
पाछै स्यांमजी सै रैणवायलि गांम छूट्यो ।
फेर्यो स्यांम जाया रावजी को देस लूट्यो ॥३३०॥
पाछै कासली कै राव कागद भेज दीनां ।
साराही भतीजा स्यांम सूधा तेड़ लीनां ॥३३१॥
सरला स्यांम जायानैं दीनी वलराम ।
कासली षंडेलो भूमि कांकड़ पै गांम ॥३३२॥
दूजा बादि बांटै आपणी में जाय बैठो ।
बादी षंडपुर की दावि लेणी होय सैंठो ॥३३३॥
बांटो षंडपुर को थेट तांई सूं न आयो ।
जैसो रावजीकां को सदा सूं बंट दायो ॥३३४॥
जैसे रावजी सों सीष मांगी करि मोद ।
छोडि रैणवायलि दाव लीनी दूजोद ॥३३५॥
भादरसिंघ राजा षंडपुर को जां दिनां में ।
आयो काढवा नै षोट धार्‌यो जे मनां में ॥३३६॥

जैसे स्यामजी कै भूमि कानै चाप लीनी ।
दीहां दोय भादरसिंघजी सों राडि कीनी ॥२३७॥
आधी पंडपुर को में रैता टकणेत ।
भाई तीन झगडा में पोढ्या रणषेत ॥२३८॥
जेसा सांमलाती कासली सैं लोग आयो ।
ऊँनै लाडषांनी भायपांका भी पिनायो ॥२३९॥
भादरसिंव राजा षंडपुर में जाय वैठो ।
जायो स्यामसिंव जीको रहायो होय सैंठो ॥२४०॥

॥ दोहा ॥

कॅवर अबीढो कासली, जसियो ओरँगजेब ।
आंणि मिल्या सो ऊवरया, राजा झालि रकेव ॥२४१॥
भादरसिंघ राजा दोय वारि फेरि आयो ।
सैंठो हैर जैसो स्यांमसिंघ जी को रहायो ॥२४२॥
ओरूं षंडपुर का गांम दोनूं दाव लीनां ।
राजी ह्वैर फेर्यौ कासली कै राव दीनां ॥२४३॥
जां दिनां ठिकाणांवंध मांडोली गांम ।
पोता लाडषां का धाडवी छा सरनांम ॥२४४॥
सारा देस गांवां में उगाही वांध लीनी ।
गांवां आप का मां दालि जैसे दूरि कीनी ॥२४५॥
जोरी तो न कीनी फेरि चोरी काम कीनां ।
फोजां लेर पूगा आदम्यां नै घेर दीनां ॥२४६॥

एकैं दोह जेसै जोव मांहि दोष धाख्या ।

ठावां लाडषांनी सांषठांनें आंणि मारया ॥३४७॥

ऊँनें लाडषांनी रावजी का सिंघ अडिगा ।

एकैं भायपां कै वीचि षांपां वैर पडिगा ॥३४८॥

पोता लाडपांन जी का कणवारी गांम ।

माधोसिंघ जी का पूत सूरा सरनांम ॥३४६॥

सूरै धाडो दीनो बाहरूं का दांत भाड्या ।

केई वार सूवा बादिसाहां का उजाड्या ॥३५०॥

दिल्ली साहि साज्यां बादिसाही पाट पाया ।

पाटू इंद्रसिंघ जी नांम जोधाण वुलाया ॥३५१॥

साहां की सलामी होय षाटूनाथ आयो ।

जैनें धाडव्यां नैं बंध करबा नैं चिनायो ॥३५२॥

बोल्या साहिसाज्यां पम पच्छिम देस जाणां ।

सूरा लाडषांनी कों हमारे पासि ल्याणां ॥३५३॥

जोधै आंणि चोरां धाडव्यां में जाल नांष्यो ।

सूरा लाडषांनी नैं दगासूं मारि नांष्यो ॥३५४॥

सूरोसिंघ मार्यो कै दिल्ली कै पंथ जोधो ।

